# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**
**प्रथम सूचना रिपोर्ट**
**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)**

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Panchkula **Year (वर्ष):** 2024

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0004 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 29/05/2024 16:19 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 384 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(2) |
| 3 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)(b) |
| 4 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |
| 5 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 8 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Intervening Days **Date from (दिनांक से):** 17/04/2024 **Date To (दिनांक तक):** 29/05/2024

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 00:00 hrs **Time To (समय तक):** 00:00 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 29/05/2024 **Time (समय):** 15:21 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 007 **Date and Time (दिनांक और समय):** 29/05/2024 15:21 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 3 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** मत्स्य विभाग पंचकुला ।,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** राजन खोडा

(b)

**Father's Name (पिताका नाम):** श्री कृष्ण कुमार

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1984 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **मकान न 1255 एफ, सैक्टर-11 पंचकुला, PANCHKULA SECTOR-5, PANCHKULA, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **मकान न 1255 एफ, सैक्टर-11 पंचकुला, PANCHKULA SECTOR-5, PANCHKULA, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9478719183

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति मीनाक्षी दहिया सिनियर एचसीएस | | | 1. मत्स्य विभाग पंचकुला I, PANCHKULA,HARYANA,INDIA |
| 2 | जोगिन्द्र सिंह सिनियर स्केल स्टेनोग्राफर | | | 1. मत्स्य विभाग पंचकुला I, PANCHKULA,HARYANA,INDIA |
| 3 | सत्येन्द्र | | | 1. पंचकुला, PANCHKULA,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

**11.** **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12.** **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में,
श्रीमान जी,
विषयः- सरकारी कार्य करने की एवज में रिश्वत की मांग करने वाले भ्रष्ट अधिकारी/ कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु ।
श्रीमान जी,

निवेदन है कि मैं, राजन खोडा पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी मकान न. 1255 एफ सैक्टर-11 पंचकूला, जिला पंचकूला में मत्स्य विभाग में बतौर जिला मत्स्य अधिकारी के पद पर तैनात हूं। मुझे दिनांक 29.05.2022 को विभाग द्वारा जानबुझकर षडयंत्र के तहत झूठे आरोप लगाकर चार्जशीट किया गया था ताकि मेरे जुनियर श्री कशमीर सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी सोनीपत को उप निदेशक मत्स्य विभाग के पद पर पदोन्त किया जा सके। इस सम्बन्ध में उक्त कशमीर सिंह की डिपार्टमैंटल प्रमोशन कमेटी की मिटिंग ने माह जनवरी 2024 में उनकी प्रमोशन की सिफारिश करते हुए प्रमोशन फाइल माननीय मुख्यमन्त्री को अनुमोदन हेतु भेज दी थी। लेकिन उक्त कशमीर सिंह की भेजी गई प्रमोशन फाइल पर अनुमोदन मिलने से पहले ही माननीय मत्स्य पालन मंत्री ने मेरे खिलाफ चार्जशीट ड्रॉप कर दी गई जिस कारण उक्त कशमीर सिंह प्रमोशन बीच में ही रोकनी पडी। असल में सरकार द्वारा जांच अधिकारी नियुक्त करके मेरी विभागीय जांच करवाई गई जिसमें मुझे जांच अधिकारी द्वारा निर्दोष करार दे दिया गया, जिसके बाद विभाग ने मेरी चार्जशीट को ड्राप करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव, मत्स्य पालन को भेज दी जिनके द्वारा जांच रिपोर्ट स्वीकृत करते हुए माननीय मत्स्य पालन मंत्री हरियाणा, सरकार को अनुमोदन हेतु भेजी गई। माननीय मंत्री जी ने अनुमोदन देकर अतिरिक्त मुख्य सचिव को चार्जशीट ड्राप करने के आर्डर जारी करने के लिए फाईल को डाउन में भेज दिया, जहां पर संयुक्त सचिव श्रीमति मीनाक्षी दहिया, सिनियर एचसीएस, ने पहले तो अपने सिनियर स्केल स्टेनोग्राफर जोगिन्द्र सिंह के माध्यम से आर्डर जारी करने की एवज में मेरे से दिनांक 17.04.2024 को पंचकूला से अपने चण्डीगढ स्थित कार्यालय में बुलाकर 1 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की और फिर उसी दिन मेरे पंचकूला वापिस आने के बाद जोगिन्द्र सिंह ने मुझे मैडम का फोन नम्बर व्हटसएप करके कहा कि मैडम से मेरी सारी बात हो गई है, आप उनसे व्हटसएप काल पर सीधी बात करलो आपका काम हो जाएगा, मैडम ने हां कर दी है। इसके बाद मैने मैडम के मोबाईल न. 7496969999 पर अपने मोबाईल न. 9478719183 से व्हटसएप कॉल किया जिन्होने कहा कि मेरी जोगिन्द्र से बात हो गई है, आज ही आपके आर्डर जारी कर दिए जाएगें और उसी दिन मेरे आर्डर हो भी गए, जिस कारण दिनांक 19.04.2024 को मैं धन्यवाद करने के लिए समय करीब 02:55 पीएम पर मैडम के पास गया तो मैडम ने कहा जो आपकी 1 लाख रुपए की बात जोगिन्द्र से हुई है, जोगेन्द्र ने बताया है कि आप पिछले दिनों बिमारी की वजह से 16 महीने गैरहाजिर होने के कारण अभी तक आपकी सैलरी जारी नही हुई है, जिस कारण आपको रुपयों का इंतजाम करने में परेशानी हो रही है। इसलिए मै आपको कहती हूँ कि रुपयों का इंतजाम होने पर आप व्हटसएप कॉल करके सीधे मुझे ही मिलकर दे देना। मैं विभाग द्वारा लगातार जानबुझकर षडयंत्र के तहत झूठे आरोप लगाकर चार्जशीट करके प्रताडित किया जाता रहा हूं ताकि मेरे जुनियर श्री कशमीर सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी सोनीपत को नाजायज तरीके से उप निदेशक मत्स्य विभाग के पद पर पदोन्त किया जा सके। इस कारण मैने रिकोर्डिंग डिवाइस का इंतजाम करके इस सम्बन्ध में पूरे मामले की रिश्वत की मांग करने के दौरान हुई बातचीत की रिकार्डिंग कर ली है जो मेरे पास मौजुद है जिसको मैं आपको बाद में पेश कर दूगां। इसके अलावा दिनांक 19.05.2024 को दिन में समय 12:13 मिनट पर मैडम का वटसएप कॉल आया कि एक-दो दिन में हम मिलेंगे, आप पेमैंट का इंतजाम करके रखना, मैं आपको बता दूंगी कि हमें कब और कहां मिलना है। इसके बाद दिनांक 22.05.2024 को हमारे विभाग के एसीएस श्रीकांत वाल्गद जी की अग्रीम सेवानिवृति पार्टी का आयोजन सैक्टर-5 पंचकूला के पल्लवी होटल में किया गया था जहां पर मैं खुद व मैडम भी उक्त पार्टी में शामिल हुए थे जहां पर मैडम ने पार्टी खत्म होने के बाद मुझे पार्किंग में बुलाकर कहा कि किसी के शिकायत करने पर मेरा और आपका नाम विजिलैंस में चला गया है, इसी कारण मैने यह पेमैंट अभी तक होल्ड पर

रखी हुई थी और इसलिए अब मैं आपको पर्ची पर एक व्यक्ति का नाम व मोबाइल नम्बर लिखकर दे रही हूं, आप एक लाख रुपए की राशि उसको बुलाकर उसे दे देना, लेकिन उसको बुलाने से पहले आप मुझे वटसएप कॉल करके बता देना कि आप उस व्यक्ति को मेरे पास भेज दो और उसके बाद मैं उस व्यक्ति को बोल दूंगी कि आप फोन करके उसे जहां भी बुलाओ वह आ जाएगा। इसके बाद मैडम ने मुझे एक पर्ची पर उस व्यक्ति का नाम व मोबाइल नम्बर दिया जो पर्ची के अनुसार सत्येन्द्र है और उसका मोबाइल नम्बर 7500849601 है। मैं मैडम द्वारा किए गए मेरे सरकारी कार्य के एवज में यह रिश्वत की राशी नहीं देना चाहता, और उपरोक्त भ्रष्ट अधिकारी को रंगेहाथ पकडवाना चाहता हूं। जो सत्येन्द्र उक्त के माध्यम से उक्त भ्रष्ट अधिकारी को पकडकर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।
(संलग्न – मैडम द्वारा दी गई पर्ची )

SD RAJAN,

राजन खोडा पुत्र श्री कृष्ण कुमार

निवासी मकान न. 1255 एफ
सैक्टर-11 पंचकूला।
मो.न. 9478719183

पुलिस कार्यवाहीः- आज मन उप पुलिस अधीक्षक हाजिर कार्यालय हूं कि इसी दौरान श्री राजन खोडा उपरोक्त ने हाजिर कार्यालय आकर हस्तलिखित शिकायत उपरोक्त श्रीमति मीनाक्षी दहिया, सिनियर एचसीएस व सिनियर स्केल स्टेनोग्राफर जोगिन्द्र सिंह के विरुद्व रिश्वत मांगने बाबत की है जो शिकायत उपरोक्त के मजबून से अपराध धारा 7,8, 13(1)बी r/w 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 व धारा 384 भा.द.स का होना पाया जाने पर लेख लिखकर अभियोग अंकित करवाने के लिए लेख बादस्त ई/उप निरीक्षक ऋषिपाल न. 453/पंचकूला के प्रबधंक थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सैक्टर-17 पंचकूला की सेवा में भेजा जा रहा है। अभियोग अंकित करके नम्बर अभियोग से सूचित किया जाए व नकल मिसल पुलिस मय असल लेख मेरे पास भिजवाया जावे तथा अभियोग की स्पेशल रिपोर्ट इलाका मैजिस्ट्रेट व उच्चाधिकारियों की सेवा में भिजवाई जावे । शिकायत उपरोक्त पर पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पंचकूला मण्डल पंचकूला के आदेश अनुसार राजपत्रित अधिकारी/स्वतन्त्र गवाह के रुप में श्री भगत सिंह, जिला बाल कल्याण अधिकारी सैक्टर-14 पंचकूला व छाया गवाह के रुप में श्री चन्द्रशेखर, चालक, कार्यालय जिला बाल कल्याण अधिकारी सैक्टर-14 पंचकूला की नियुक्ति करवा ली गई है और मेरे द्वारा निरीक्षक सुभाष चन्द्र, निरीक्षक धर्मवीर सिंह, निरीक्षक रमेश कुमार, उप निरीक्षक श्याम लाल नं0 123/पंचकुला, स.उ.नि जसबीर सिंह नं0 1868/फरीदाबाद, स0उ0नि0 नरेन्द्र कुमार नं0 11/पंचकुला, स0उ0नि0 राजिन्द्र कुमार नं0 34/पंचकुला, मु.सि. प्रवेश कुमारी नं0 8/पंचकुला, मु.सि पुनम कुमारी नं0 866/पंचकुला व गाडी सरकारी बोलैरो रंग सफेद, एच आर 03 जी.वी 5938, चालक ईएचसी रामदयाल नं0 378/पंचकुला व गाडी प्राईवेट सहित रेडिंग टीम तैयार की गई है । जो अब मैं रेडिंग पाटी, शिकाय़तकर्ता, राजपत्रित अधिकारी/स्वतंन्त्र गवाह, छाया गवाह, तफतीशी बैग मय तफतीश सामग्री व लैपटॉप प्रीन्टर हमराह लेकर रवाना रेड का होता हूं ।

अजः मुख्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सैक्टर-23 पंचकूला, हरियाणा।

SD SUKARPAL

(शुक्र

पाल ह0पु0से0)

उप

पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

सैक्टर-23 पंचकूला, हरियाणा।

दिनांक

29.05.2024 समय 2.00 PM

अज थाना- उपरोक्त तहरीर पर अभियोग न0 7,8, 13(1)बी r/w 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 व धारा 384 भा.द.स थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पंचकुला अंकित करके स्पैशल रिपोर्ट ई. मेल के माध्यम से स्पैशल मैजीस्ट्रेट साहब, जिला पंचकुला की सेवा में व उच्च अधिकारियों की सेवा में भिजवाई जा रही है । असल तहरीर व अभियोग की पुलिस फाईल बादस्त ESI ऋषिपाल नं0 453/पंचकुला के माध्यम से अनुसंधान अधिकारी के पास मौका पर भेजी जा रही है । इन्द्राज रिकार्ड विधि अनुसार किया गया।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.** **(की गयी कार्यवाही :** चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद **सं.** 2 में उल्लेख धारा के तहत है.**):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** SHUKARPAL SINGH **Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** PINSP **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Kushal Singh

**Rank (पद):** SP (Superintendent of Police)

**No. (सं.):** HPS

14. **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

15. **Date and time of dispatch to the court (**अदालत में प्रेषण की **दिनांक** और समय**):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Female | 1982 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 2 | Male | 1989 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 3 | Male | 1984 | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**